विद्युत सेवा आयोग
उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास)
विभूति खण्ड, फेज–2, गोमती नगर
लखनऊ–226010
CIN : U32201UP1999SGCO24928

पत्र सं0 229 / विसेआ / टीजी–2 / जे0ई0 दिनांकः 28/01/2019

प्रबन्ध निदेशक,
मध्यांचल / पूर्वांचल / पश्चिमांचल / दक्षिणांचल, विद्युत वितरण निगम लि0,
लखनऊ / वाराणसी / मेरठ / आगरा।

प्रबन्ध निदेशक, केस्को,
कानपुर

प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0,
लखनऊ।

विषयः–टी0जी0–2 से अवर अभियन्ता के पदों पर पदोन्नति पर चयन हेतु कार्मिकों का विवरण / साक्ष्य उपलब्ध कराने के संबंध में।

अवगत कराना है कि मुख्य अभियन्ता (हाईडिल) द्वारा पत्रांक 120–अ–7 / मु0अ0(हा0) / 2019 दिनांक 24.01.2019 एवं 121–अ–7 / मु0अ0(हा0) / 2019 दिनांक 24.01.2019 द्वारा टी0जी0–2 की संयुक्त पारस्परिक ज्येष्ठता सूची प्रेषित की गयी है एवं जिसके अनुसार टी0जी0–2 से अवर अभियन्ता के पद पर पदोन्नति हेतु चयन की कार्यवाही की जानी है।

ज्येष्ठता सूची के अनुसार शार्टलिस्टेड कार्मिकों की सूची इस आशय के साथ प्रेषित की जा रही है कि निम्नलिखित बिन्दुओं से सम्बन्धित आख्या / साक्ष्य इस कार्यालय को प्रेषित करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा करें:–

1. शार्टलिस्टेड सूची में ऐसे कार्मिकों जिनके द्वारा पदोन्नति नहीं ली जानी है (सम्बन्धी प्रार्थना पत्र / साक्ष्य जो नियंत्रक अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित हो) मूल रूप में अथवा कारपोरेशन द्वारा असमति व्यक्त की गयी है का अस्पष्ट कारण एवं साक्ष्य संलग्न करें।
2. अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं लघु / बृहद दंड से सम्बन्धित विवरण यदि किसी कार्मिक को दिया गया हो।
3. नियमित सेवा में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से सम्बन्धित प्रमाण पत्र / साक्ष्य।
4. टी0जी0–2 के पद पर स्थाईकरण की तिथि के सम्बन्ध में साक्ष्य।

अतः आपसे अनुरोध है कि चयन प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु उपरोक्त वांछित प्रमाण पत्र / साक्ष्य संयुक्त वरिष्ठता कमांक अंकित करते हुये इस कार्यालय को 31.01.2019 तक प्रेषित करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा करें।

(जे0पी0एस0 गंगवार)
सचिव

संख्याः / विसेआ / टी0जी0–2 / जे0ई0 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निदेशक (कार्मिक एवं प्रबन्धन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (हाईडिल), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सम्बन्धित मुख्य अभियन्ताओं को अपने स्तर से उपरोक्त सूचना हेतु सूचित करें।

(जे0पी0एस0 गंगवार)
सचिव